Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 147 | शनिवार, 06 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## एक दिन में चार अग्निकांड! नोएडा की सोसाइटी-पीजी से भिवाड़ी-इंदौर तक आग का तांडव

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**






**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नोएडा, मध्य प्रदेश के इंदौर और राजस्थान के भिवाड़ी में शुक्रवार को एक ही दिन में चार जगहों पर आग की घटनाओं से अफरातफरी मच गई। नोएडा के सेक्टर 75 की सोसाइटी और सेक्टर 52 के एक पीजी में आग लगी तो वहीं राजस्थान के इंडस्ट्रियल एरिया में भी आग की घटना सामने आई। जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के शोरूम में भीषण आग लगी है। हालांकि, आग की इन घटनाओं में किसी की जान को नुकसान की खबर नहीं है।

### नोएडा में आग ने मचाया तांडव

नोएडा के सेक्टर 75 स्थित आईवीवाई काउंटी (Ivy County) सोसाइटी में 12वीं मंजिल पर एक फ्लैट में अचानक आग भड़क उठी। ऊंची लपटें और धुआं देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कूलिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया। आग पर काबू पा लिया गया है। SDRF की टीम भी मौके पर पहुंची। आग इतनी भयावह थी कि दूर से ही फ्लैट की खिड़कियों और बालकनी से ऊंची-ऊंची लपटें और काले धुएं का गुबार उठता साफ देखा जा सकता है। इस घटना के बाद पूरी सोसाइटी में हड़कंप और दहशत का माहौल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को राहत-बचाव कार्य तेज करने तथा घायलों को तुरंत इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन को सभी स्तरों पर सतर्क रहने और राहत कार्यों की लगातार निगरानी रखने को कहा है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। प्रशासन जांच में जुटा हुआ है।

### सेक्टर 52 के पीजी में भी आग

वहीं, नोएडा के सेक्टर 52 के शताब्दी विहार में एक पेइंग गेस्ट (PG) में भी आग लग गई। पीजी के नीचे एक रेस्टोरेंट चल रहा था। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। समय रहते सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया। PG में रहने वाले युवाओं में भारी हड़कंप मचा रहा।

### भिवाड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में ट्रांसफार्मर ब्लास्ट

राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया, जिससे ऑयल में आग लग गई। यह आग पास की दो फैक्टरियों तक फैल गई। आग की वजह से पांच कर्मचारी झुलस गए। इलाके में काफी देर तक हड़कंप रहा। दमकल की टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### इंदौर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के शोरूम में लगी भीषण आग

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के पूर्वी क्षेत्र में स्थित शोरूम में भीषण आग लग गई। शोरूम में रखे हुए सभी वाहन जलकर खाक हो गए। इलेक्ट्रॉनिक वाहन शोरूम की ऊपरी मंजिल पर रहने वालों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। शोरूम के आस-पास के लोगों ने आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की मदद की। आग की इस घटना में फिलहाल के हताहत होने की खबर नहीं है। राहत की बात है कि आग की चारों घटनाओं में किसी की जान नहीं गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा की दोनों घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी हाईराइज बिल्डिंगों, सोसाइटियों और औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाए।आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

## पीएम मोदी ने गिनाईं भारत की उपलब्धियां, हरित क्षेत्र और वन्यजीवों की आबादी में हुआ रिकॉर्ड इजाफा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए पिछले एक दशक में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भारत द्वारा हासिल की गई ऐतिहासिक सफलताओं को रेखांकित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की निरंतर नीतियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के चलते देश के हरित आवरण (फॉरेस्ट कवर) का विस्तार हुआ है और कई दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की आबादी में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।

प्रधानमंत्री ने सामूहिक प्रयासों, नीतियों, विज्ञान में विश्वास और नवाचार के माध्यम से पर्यावरण में सुधार लाने के उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए नागरिकों की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित सभी लोगों की मैं सराहना करता हूं।'

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह दिन हमें 'अपने पर्यावरण की रक्षा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने की याद दिलाता है'। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में उनकी सरकार ने इस संबंध में कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा, 'भारत की कुछ प्रमुख उपलब्धियों में हरित क्षेत्र का विस्तार और कई जानवरों की आबादी में वृद्धि शामिल है।'

विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष पांच जून को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत 1973 में पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

यह पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर जन जागरूकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच है जिसे दुनिया भर में लाखों लोग मनाते हैं। 2026 में इस कार्यक्रम की मेजबानी अजरबैजान करेगा। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संबंधी कार्यों का समर्थन करने वाले सबसे व्यापक मंचों में से एक बन गया है।

## कांग्रेस में बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट! राजस्थान, दिल्ली और पंजाब सहित कई राज्यों में संगठन बदलने की तैयारी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान देश भर में अपने संगठनात्मक ढांचे में एक बड़ा और व्यापक बदलाव करने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आधे दर्जन से अधिक राज्यों में अपने प्रदेश प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों (PCC Chiefs) को बदलने की योजना पर काम कर रही है।

इस पूरी कवायद में सबसे ज्यादा चर्चा राजस्थान को लेकर है, जहां एक बार फिर दिग्गज युवा नेता सचिन पायलट की भूमिका को लेकर सियासी बाजार गर्म है। इस पुनर्गठन प्रक्रिया ने पिछले हफ्ते तब गति पकड़ी, जब राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर खड़गे के कार्यकाल का यह आखिरी सबसे बड़ा सांगठनिक फेरबदल हो सकता है।

### आगामी चुनावों पर नजर

पार्टी का मुख्य ध्यान उन राज्यों पर है जहाँ अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में चुनाव होने हैं, इसलिए संगठनात्मक तैयारी एक अहम प्राथमिकता है। कांग्रेस गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने वाले चुनावी मुकाबलों पर भी नजर बनाए हुए है, जहाँ अगले साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है।

पंजाब को छोड़कर, इन सभी राज्यों में पार्टी का सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी से होने की संभावना है। राजस्थान में भी नेतृत्व में बदलाव की संभावना है, जहाँ मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म हो चुका है। सूत्रों का कहना है कि राजस्थान कांग्रेस के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में सचिन पायलट सबसे आगे हैं।

दिल्ली में भी मौजूदा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का कार्यकाल जल्द ही खत्म होने वाला है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ नेता अभिषेक दत्त इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। दिल्ली और राजस्थान के अलावा, पार्टी की व्यापक पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु और पंजाब में भी संगठनात्मक बदलाव की उम्मीद है।

### अन्य राज्यों पर भी नजर

कांग्रेस हरियाणा, असम, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के लिए भी नए राज्य प्रभारी नियुक्त कर सकती है। ये पद अलग-अलग कारणों से खाली हुए हैं और जल्द ही नियुक्तियों की घोषणा होने की संभावना है। केरल में भी नेतृत्व में बदलाव की उम्मीद है और पार्टी आने वाले हफ़्तों में नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है।

## आइस प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव, सांस लेने में तकलीफ के बाद 11 लोग अस्पताल में भर्ती



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**केरलम।** केरलम के कोच्चि के पास स्थित मुनंबम में शुक्रवार को आइस प्लांट में अमोनिया गैस के रिसाव के कारण कम से कम 11 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गैस लीक होने के बाद इन लोगों ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की थी।

यह घटना शुक्रवार दोपहर की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आइस प्लांट से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू होते ही इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई की और कुछ ही समय में रिसाव पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया।

### पीड़ितों की हालत में सुधार

जानकारी के मुताबिक, प्लांट के आसपास रहने वाले स्थानीय निवासियों ने गैस के प्रभाव के कारण सांस लेने में कठिनाई होने की सूचना दी थी। इसके तुरंत बाद प्रभावित लोगों को इलाज के लिए पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित किया गया। पुलिस ने बताया कि समय पर चिकित्सा सहायता मिलने के बाद सभी मरीजों की स्थिति में अब सुधार है।

## तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर!

### अन्नामलाई ने छोड़ी बीजेपी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंजूर किया इस्तीफा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** कई दिनों से चल रही सियासी अटकलों और सस्पेंस पर शुक्रवार को आखिरकार विराम लग गया। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर युवा नेता और तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से अपना नाता तोड़ लिया है। इखढ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से मंजूर कर लिया है। अन्नामलाई दोपहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने इस बड़े फैसले और भविष्य की राजनीतिक योजनाओं का खुलासा करेंगे। पार्टी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया 'भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय श्री नितिन नबीन ने तमिलनाडु के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिए गए इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है।'

यह घटनाक्रम पूर्व IPS अधिकारी अन्नामलाई के दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नबीन से मुलाकात करने के एक दिन बाद हुआ है। खबरों के मुताबिक, BJP के शीर्ष नेतृत्व ने अन्नामलाई से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था।

### BJP के साथ अन्नामलाई का जुड़ाव

अन्नामलाई IPS अधिकारी का पद छोड़ने के बाद 2020 में BJP में शामिल हुए थे। अपने समर्थकों के बीच 'सिंघम' के नाम से मशहूर इस पूर्व क्ढर अधिकारी को 2021 में इखढ की तमिलनाडु यूनिट का प्रमुख बनाया गया था। उन्होंने एल. मुरुगन की जगह ली थी, जिन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया था।

तब से BJP में अन्नामलाई का कद बढ़ता गया। उनके नेतृत्व में BJP ने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (AIADMK) के साथ अपने संबंध भी तोड़ लिए थे, लेकिन बाद में तमिलनाडु में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के लिए फिर से उनके साथ गठबंधन कर लिया।


### क्या होगा अगला कदम? (सियासी मायने)

बड़ा सवालः तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा 'द्रविड़ियन पॉलिटिक्स' का दबदबा रहा है। ऐसे में अन्नामलाई ने राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार विरोधी छवि के दम पर बीजेपी के लिए एक जमीन तैयार की थी। अब उनके इस्तीफे के बाद तमिलनाडु बीजेपी में नेतृत्व का एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजरें अब दोपहर में होने वाली उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर टिकी हैं। क्या वे अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे, किसी क्षेत्रीय दल में शामिल होंगे या फिर कुछ समय के लिए राजनीति से ब्रेक लेंगे? इसका जवाब जल्द ही सामने आ जाएगा।

## 'होटल-कैसीनो के लिए कट रहे पेड़'

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर राहुल ने उठाए सवाल, कहा- अदाणी की मदद कर रही सरकार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**ग्रेट निकोबार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह तर्क है कि ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना रक्षा और माल ढुलाई बंदरगाह से संबंधित है। यह एक झूठ है। इसके साथ ही आरोप लगाया कि यह असल में भारत की सबसे अमूल्य पारिस्थितिक भूमि पर एक व्यवसायी को होटल और कैसीनो बनाने में मदद करने के बारे में है।

### 16 मिनट से अधिक का वीडियो किया जारी

राहुल गांधी ने अप्रैल के अंत में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अपनी यात्रा पर आधारित 16 मिनट से अधिक का एक वीडियो जारी किया। एक्स पर वीडियो के साथ अपनी पोस्ट में गांधी ने कहा, 'मैंने भारत के सबसे दक्षिणी छोर का दौरा किया। मैं इंदिरा प्वाइंट पर खड़ा हुआ। मैं सदियों पुराने पेड़ों के नीचे चला। मैंने पृथ्वी पर सबसे जीवंत प्रवाल भित्तियों में गोता लगाया। मैं वहां रहने वाले लोगों के साथ बैठा। आदिवासी समुदाय, जिनकी जमीन वन अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करके छीनी जा रही है। भारतीय सरकार द्वारा इन द्वीपों पर बसाए गए कई पूर्व सैनिक, जिन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है।'

## शिवकुमार को झटकाः मंत्री बनते ही रामलिंगा रेड्डी का इस्तीफा, बोले-पार्टी में रहूंगा; विभाग बंटवारे से थे नाराज

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद मंत्री रामलिंगा रेड्डी की नाराजगी सामने आई है। उन्हें जल संसाधन विभाग (वाटर रिसोर्सेज) दिए जाने से वे संतुष्ट नहीं हैं और इस मुद्दे पर उन्होंने अपनी असहमति भी जताई है। इसी नाराजगी के बीच अब उन्होंने इस्तीफा भी दे दिया है।

### इस्तीफे के बाद क्या बोले रामलिंगा रेड्डी

इस्तीफे के बाद रेड्डी ने साफ किया कि उन्होंने केवल मंत्री पद छोड़ा है, कांग्रेस पार्टी नहीं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपनी अंतरात्मा के खिलाफ काम नहीं कर सकता, इसलिए मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं।' उन्होंने कहा कि वे विधायक बने रहेंगे और कांग्रेस से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वह पिछले 53 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा बरकरार है। उन्होंने कभी किसी से मंत्री पद की मांग नहीं की। उन्होंने याद दिलाया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली और एस.एम. कृष्णा की सरकारों में भी मंत्री रह चुके हैं और पार्टी ने उन्हें हमेशा जिम्मेदारियां दी हैं। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक संगठन और सरकार दोनों में काम किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार रात अपने 13 मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन किया। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि रेड्डी बंगलूरू विकास विभाग मिलने की उम्मीद कर रहे थे और इसी विभाग पर उनका दावा था। सूत्रों के अनुसार, विभागों के आवंटन को लेकर गुरुवार को हुई बैठक के दौरान रेड्डी अपनी नाराजगी जताते हुए बीच में ही बाहर चले गए थे। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री को वर्ष 2023 में किए गए उस वादे की भी याद दिलाई, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि भविष्य में कैबिनेट फेरबदल होने पर उन्हें बंगलूरू विकास विभाग दिया जाएगा। इस्तीफे के बाद कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है। इस बीच मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि रामलिंगा रेड्डी पार्टी और राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण नेता हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता इस मामले का समाधान निकाल लेंगे। प्रियंक खरगे ने कहा कि कांग्रेस में बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने की परंपरा रही है। रेड्डी के इस्तीफे को लेकर फिलहाल पार्टी नेतृत्व लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आठ बार विधायक रह चुके रेड्डी ने बंगलूरू डेवलपमेंट के अलावा कोई और मंत्रालय लेने से इनकार कर दिया था। हालांकि, उन्हें इसके बजाय सिंचाई विभाग दिया गया था। वहीं, बंगलूरू डेवलपमेंट विभाग को कर्नाटक सरकार में सबसे अहम विभागों में से एक माना जाता है, ये विभाग कृष्णा बायरे गौडा को सौंपा गया है।

## संपादक की कलम से

# गरीब मरीज पूछ रहा है- क्या मेरा जीवन इतना सस्ता है

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी (रूटीन) केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति का; वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता है—इसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन? एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करती; वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है। विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैं—कर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार। लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने है—संसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहीं; मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिये पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है।



ललित शर्मा
संपादक

# अर्थ-व्यवस्था की कब्र पर विकास: सच कितना भयावह है?



एन०के०शर्मा
लेखक




जब किसी राष्ट्र की अर्थ-व्यवस्था भीतर से खोखली होने लगे और उसके ऊपर चमचमाते विकास के स्मारक खड़े किए जाने लगें, तब सबसे बड़ा संकट केवल आर्थिक नहीं रह जाता, वह नैतिक, सामाजिक और सभ्यतागत संकट में बदल जाता है।

आज विश्व के अनेक देशों में विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत की जा रही है, उसके पीछे एक ऐसा कठोर और असुविधाजनक सच छिपा है, जिसे सत्ता, कॉर्पोरेट तंत्र और प्रचार उद्योग मिलकर जनता की आँखों से ओझल रखने का प्रयास करते हैं। विकास का शोर जितना बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से आम नागरिक की आर्थिक सुरक्षा, क्रय शक्ति और जीवन की स्थिरता कमजोर होती जा रही है।

विकास का वास्तविक अर्थ केवल ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें, चमकते एयरपोर्ट और अरबों डॉलर की परियोजनाएँ नहीं होता। किसी भी राष्ट्र का विकास तब माना जाता है जब उसके नागरिकों की आय बढ़े, रोजगार स्थिर हों, शिक्षा और स्वास्थ्य सुलभ हों, कृषि सुरक्षित हो, उद्योग प्रतिस्पर्धी हों और भविष्य को लेकर समाज आश्वस्त हो।

लेकिन जब विकास का अर्थ केवल आँकड़ों की बाजीगरी और विज्ञापनों की रंगीन दुनिया तक सीमित हो जाए, तब वह विकास नहीं, बल्कि आर्थिक वास्तविकताओं पर डाला गया एक सुनहरा पर्दा बन जाता है। दुनिया के अनेक देशों में आज सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के बढ़ते आंकड़े दिखाकर सफलता के गीत गाए जा रहे हैं, जबकि दूसरी ओर मध्यम वर्ग लगातार सिकुड़ रहा है, छोटे उद्योग दम तोड़ रहे हैं, किसानों की आय संकट में है और युवाओं के सामने रोजगार का रेगिस्तान फैलता जा रहा है। यह एक विचित्र विरोधाभास है कि अर्थ-व्यवस्था के शीर्ष पर बैठे कुछ प्रतिशत लोग अभूतपूर्व संपत्ति अर्जित कर रहे हैं, जबकि नीचे का विशाल जनसमूह महंगाई, कर्ज और असुरक्षा के बोझ तले दबता जा रहा है।

वास्तविक भयावहता इस तथ्य में छिपी है कि विकास की वर्तमान परिभाषा ने मनुष्य को केंद्र से हटाकर पूँजी को केंद्र में स्थापित कर दिया है। अब नीतियों का उद्देश्य नागरिकों का कल्याण नहीं, बल्कि बाजार की संतुष्टि अधिक दिखाई देता है। शेयर बाजार के सूचकांक बढ़ते हैं तो उसे राष्ट्रीय उपलब्धि बताया जाता है, भले ही उसी समय लाखों परिवार रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हों।

वित्तीय बाजारों की चमक को आर्थिक स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र बना दिया गया है, जबकि वास्तविक अर्थ-व्यवस्था में उत्पादन, रोजगार और क्रय शक्ति की स्थिति कई बार इसके विपरीत होती है।

सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब सरकारें और नीति-निमार्ता आर्थिक संकटों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें छिपाने में ऊर्जा खर्च करने लगते हैं। बेरोजगारी को आँकड़ों के जाल में उलझा दिया जाता है, महंगाई की वास्तविक मार को तकनीकी शब्दावली में ढँक दिया जाता है और गरीबी की परिभाषाएँ इस प्रकार बदल दी जाती हैं कि गरीब कम दिखाई देने लगें, भले ही गरीबी कम न हुई हो। यह केवल आर्थिक धोखा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास के साथ किया गया छल है।

इतिहास गवाह है कि जब भी किसी राष्ट्र ने वास्तविक आर्थिक आधार को मजबूत करने के बजाय प्रचार आधारित विकास मॉडल अपनाया, तब उसके परिणाम विनाशकारी सिद्ध हुए। चमकदार साम्राज्य अचानक ढह गए, शक्तिशाली अर्थ-व्यवस्थाएँ कर्ज के बोझ तले दब गईं और जनता का विश्वास टूटते ही राजनीतिक व्यवस्थाएँ भी संकट में पड़ गईं। आर्थिक वास्तविकताओं को झुठलाने का प्रयास कुछ समय तक तो सफल हो सकता है, लेकिन अंततः बाजार, उत्पादन और रोजगार की कठोर सच्चाइयाँ किसी भी प्रचार तंत्र से अधिक शक्तिशाली सिद्ध होती हैं।

आज विकास का एक और भयावह पक्ष सामने आ रहा है—ऋण आधारित समृद्धि। सरकारें भारी कर्ज लेकर विशाल परियोजनाएँ खड़ी करती हैं, कंपनियाँ उधार के विस्तार पर निर्भर रहती हैं और नागरिक भी ऋण के सहारे जीवन स्तर बनाए रखने को मजबूर हो जाते हैं। परिणामस्वरूप पूरा आर्थिक ढाँचा एक ऐसे कृत्रिम संतुलन पर खड़ा हो जाता है, जहाँ मामूली झटका भी व्यापक संकट का कारण बन सकता है। यह ऐसा ही है जैसे किसी जर्जर भवन को रंग-रोगन करके महल घोषित कर दिया जाए।

विकास की इस आक्रामक राजनीति ने प्राकृतिक संसाधनों पर भी अभूतपूर्व दबाव डाला है। जंगल कट रहे हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, कृषि भूमि सिकुड़ रही है और पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता जा रहा है। विडम्बना यह है कि जिस विकास को मानव कल्याण का साधन बताया जाता है, वही विकास भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकटों का पहाड़ खड़ा कर रहा है।

आर्थिक लाभ की अल्पकालिक दौड़ में दीर्घकालिक स्थिरता को बलि चढ़ा दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया का सबसे दर्दनाक प्रभाव समाज के उस वर्ग पर पड़ता है जिसकी आवाज सबसे कमजोर होती है। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, निम्न आय वर्ग और बेरोजगार युवा विकास के उत्सव में आमंत्रित अतिथि नहीं, बल्कि अक्सर उसके मौन शिकार बन जाते हैं।

उनके संघर्षों को राष्ट्रीय उपलब्धियों के शोर में दबा दिया जाता है। उनकी समस्याएँ आंकड़ों की तालिकाओं में खो जाती हैं और उनका भविष्य नीतिगत प्राथमिकताओं की सूची से बाहर होता चला जाता है।

सवाल यह नहीं है कि विकास हो रहा है या नहीं। सवाल यह है कि विकास किसके लिए हो रहा है? यदि कुछ गिने-चुने समूह समृद्ध होते जाएँ और बहुसंख्यक समाज आर्थिक असुरक्षा में जीने को विवश हो, तो उस विकास की नैतिक वैधता क्या है? यदि विकास के नाम पर असमानता बढ़े, अवसर सीमित हों और नागरिकों की वास्तविक क्रय शक्ति कमजोर पड़े, तो क्या उसे प्रगति कहा जा सकता है? कड़वा सच यह है कि कई बार विकास की चमक अर्थ-व्यवस्था की कब्र पर रखे गए फूलों जैसी प्रतीत होती है। बाहर से सब कुछ भव्य और आकर्षक दिखता है, लेकिन भीतर आर्थिक संस्थाएँ कमजोर हो रही होती हैं, उत्पादन क्षमता घट रही होती है, रोजगार की गुणवत्ता गिर रही होती है और समाज का विश्वास धीरे-धीरे क्षीण हो रहा होता है। यह वह स्थिति है जहाँ राष्ट्र विकास का उत्सव मना रहा होता है, जबकि उसकी आर्थिक नींव में दरारें पड़ चुकी होती हैं।

सभ्यताओं का पतन अचानक नहीं होता। वह तब शुरू होता है जब सत्य की जगह प्रचार ले लेता है, उत्पादन की जगह प्रदर्शन ले लेता है और जनकल्याण की जगह छवि-निर्माण सर्वोच्च लक्ष्य बन जाता है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा खतरा आर्थिक कठिनाइयाँ नहीं हैं; सबसे बड़ा खतरा उन कठिनाइयों को नकारने की प्रवृत्ति है।

क्योंकि जिस समाज में समस्याओं को स्वीकार करने का साहस समाप्त हो जाता है, वहाँ समाधान की संभावनाएँ भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं। आज आवश्यकता विकास के नारों की नहीं, बल्कि विकास की ईमानदार समीक्षा की है।

आवश्यकता चमकदार उद्घाटनों की नहीं, बल्कि मजबूत आर्थिक बुनियाद की है। आवश्यकता प्रचार अभियानों की नहीं, बल्कि ऐसी नीतियों की है जो उत्पादन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय को केंद्र में रखें।

अन्यथा इतिहास एक बार फिर वही कठोर निर्णय सुनाएगा कि जिन राष्ट्रों ने अर्थ-व्यवस्था की कब्र पर विकास के महल खड़े किए, वे अंततः अपने ही भ्रमों के मलबे तले दब गए। विकास का वास्तविक चेहरा तभी उज्ज्वल होगा जब उसकी नींव में आर्थिक सत्य, सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा होगी; अन्यथा चमकते हुए आँकड़ों के पीछे छिपा अंधकार आने वाली पीढ़ियों के लिए एक भयावह विरासत बन जाएगा।

## नई मोहब्बत तुम्हें मुबारक

**उदय किशोर साह**



कविता

तुम्हें तेरी नई मोहब्बत तुम्हें मुबारक
दिखा दी तुँने अपनी असली शराफत
सदा खुश रहना जीवन में मेरी गुलनार
कभी फुरसत में याद आयेगी हमारी प्यार

वो चाँदनी रातें क्या हँसीन थे वो नजारे
हम दोनों ने झील के सीने में थे गुजारे
मुस्कुराता था आसमां और ये संसार
हमारी मोहब्बत से चमन भी था गुलजार

देख जलती थी सब कलियाँ पागल ये मन
प्रीत की खुशबू से महकता था यौवन
कैसी बेरहम बह कर आई पुर्वी बयार
अधुरी रह गई अपनी ख्वाबों की दयार

कल कल बहती थी सरिता की वो पानी
मिलकर लिख दी थी खून से प्रीत कहानी
मोहब्बत की उजड़ गई आज से संसार
बेवफाई ने तोड़ दी विश्वास की दीवार

क्या झुठा था तेरा प्रेम प्यार का इजहार
मेरी प्रेम की कर दी तुमने तार तार
कैसे करे कोई इस जग में अब प्यार
प्रेम है बेवफा तेरी मोहब्बत गुनहगार

# मनमुख, गुरमुख और सनमुख: मानव चेतना, चरित्र और सभ्यता के विकास का शाश्वत विमर्श



किशन भावनानीं
लेखक




वैश्विक स्तरपर मनुष्य का जीवन केवल उसकी शिक्षा, धन या पद से नहीं, बल्कि उसके स्वभाव से संचालित होता है इतिहास गवाह है कि जिन व्यक्तियों, समाजों और राष्ट्रों ने अपने स्वभाव को अनुशासन, नैतिकता और उच्च मूल्यों से जोड़ा, वे दीर्घकालीन सफलता के प्रतीक बने।

भारतीय दर्शन में मानव स्वभाव को समझाने के लिए मनमुख, गुरमुख और सनमुख जैसे गहन और सार्वकालिक सिद्धांत दिए गए हैं। ये अवधारणाएँ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैश्विक मानव व्यवहार विज्ञान की भी कसौटी पर खरी उतरती हैं। आज जब विश्व नेतृत्व संकट, नैतिक पतन, मानसिक तनाव और मूल्य- संक्रमण से गुजर रहा है, तब इन स्वभावों का विश्लेषण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी प्रासंगिक हो जाता है।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता केवल उसके संविधान की सुंदर भाषा या संस्थाओं की मजबूती से तय नहीं होती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसके नागरिकों का स्वभाव कैसा है। संविधान नागरिकों को अधिकार देता है, परंतु यह अपेक्षा भी करता है कि नागरिक विवेकशील, उत्तरदायी और नैतिक होंगे। जब नागरिक मनमुख स्वभाव से संचालित होते हैं, तो लोकतंत्र अधिकारों की भीड़ बन जाता है; और जब वे गुरमुख व सनमुख होते हैं, तो लोकतंत्र लोक-कल्याण का जीवंत तंत्र बनता है। साथियों बात अगर हम मनमुख से गुरमुख सनमुख की यात्रा को संविधान, लोकतंत्र और नागरिकता के संदर्भ में समझने की करें तो

मनमुख स्वभाव और लोकतंत्र का क्षरण-मनमुख नागरिक वह है जो संविधान को केवल अपने हित के औजार की तरह देखता है। उसे अधिकार याद रहते हैं, कर्तव्य नहीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो लोकतंत्रों में बढ़ता ध्रुवीकरण, हिंसक असहमति, टैक्स चोरी, सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग, ये सभी मनमुख नागरिकता के लक्षण हैं।जब, 'मैं' राष्ट्र से ऊपर हो जाता है, तब संविधान की आत्मा कमजोर पड़ती है।

**गुरमुख नागरिकता:-** संवैधानिक विवेक की नींव गुरमुख नागरिक संविधान को अपना नैतिक गुरु मानता है। वह कानून के शब्दों के साथ-साथ उसके उद्देश्य को भी समझता है, न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व। ऐसा नागरिक मतदान को केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी मानता है। विश्व के सफल लोकतंत्रों में नागरिकों का यही गुरमुख स्वभाव संस्थाओं को मजबूत बनाता है।

**सनमुख लोकतंत्र:** अधिकार से आगे मानवता सनमुख नागरिकता लोकतंत्र को केवल राष्ट्र तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उसे वैश्विक मानवता से जोड़ती है। पर्यावरण संरक्षण, अल्पसंख्यक अधिकार, शरणार्थी संवेदनशीलता ये सब सनमुख दृष्टि के बिना संभव नहीं। यही दृष्टि संविधान को मानव गरिमा का वैश्विक दस्तावेज बनाती है। इसलिए हम कर सकते हैं कि यदि नागरिक मनमुख रहेंगे, तो संविधान केवल किताब बनेगा; यदि नागरिक गुरमुख बनेंगे, तो संविधान व्यवस्था बनेगा; और यदि नागरिक सनमुख बनेंगे, तो संविधान मानवता का पथप्रदर्शक बनेगा। साथियों बात अगर हम, मनमुख से गुरमुख, सनमुख की यात्रा को भारत के भविष्य युवाओं से जोड़कर समझने की करें तो, युवा ही राष्ट्र का स्वभाव हैं।आज का युवा केवल कल का नागरिक नहीं, बल्कि आज का निर्णायक है। उसका स्वभाव तय करेगा कि भविष्य में राष्ट्र कैसा होगा। यदि युवा मनमुख है, तो तकनीक भी विनाश का औजार बनेगी; और यदि युवा गुरमुख-सनमुख है, तो वही तकनीक मानवता की सेवा करेगी।

**मनमुख युवा:** तात्कालिक सफलता का भ्रम-आज का युवा यदि केवल त्वरित प्रसिद्धि, आसान पैसा और सोशल मीडिया की वाहवाही के पीछे भागता है, तो वह मनमुखता की ओर बढ़ रहा है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानसिक तनाव, अवसाद और उद्देश्यहीनता इसी का परिणाम हैं। मनमुख युवा प्रतियोगिता तो जीतना चाहता है, पर धैर्य नहीं रखना चाहता।

**गुरमुख युवा:** कौशल के साथ संस्कार-गुरमुख युवा वह है जो सीखने को गुरु मानता है, शिक्षक, अनुभव, असफलता और अनुशासन को।वह जानता है कि वास्तविक सफलता रातों-रात नहीं आती। विश्व के नवाचार, स्टार्ट-अप और शोध नेतृत्व इसी स्वभाव से निकले हैं।

**सनमुख युवा:** करियर से आगे योगदान-सनमुख युवा अपने करियर को समाज से जोड़ता है। वह पूछता है-मैं क्या बनूँ? के साथ-साथ मैं किसके काम आऊँ? यही युवा जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानता और शांति प्रयासों में नेतृत्व करता है। साथियों बात अगर हम, मनमुख से गुरमुख, सनमुख की यात्रा को प्रशासनिक, आध्यात्मिक समन्वित स्थिति सुशासन का बाहरी अनुशासन और आत्मशासन की आंतरिक शक्ति इस रूप में समझने की करें तो, शासन की गुणवत्ता शासक के स्वभाव से ही अधिक सफल होने की संभावना रखती है, प्रशासन केवल नियमों से नहीं, बल्कि प्रशासक के स्वभाव से चलता है। इतिहास बताता है कि जब प्रशासक मनमुख होता है, तो नियम भी भ्रष्ट हो जाते हैं; और जब वह गुरमुख-सनमुख होता है, तो सीमित संसाधनों में भी सुशासन संभव हो जाता है।

**मनमुख प्रशासन:** सत्ता का अहंकार - मनमुख प्रशासक पद को अधिकार समझता है, सेवा नहीं। इससे लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और जन-अविश्वास जन्म लेता है। वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक विफलताओं का मूल कारण यही स्वभाव है।

**गुरमुख प्रशासन:** नियम +विवेक गुरमुख प्रशासक नियमों को गुरु मानता है, पर विवेक से काम लेता है। वह संविधान, कानून और नीति को आत्मसात करता है। ऐसे प्रशासन से नागरिकों का विश्वास बढ़ता है और संस्थाएँ सशक्त होती हैं।

**सनमुख नेतृत्व:** सत्ता से सेवा तक-सनमुख प्रशासक सत्ता को साधना मानता है। वह निर्णय लेते समय सबसे कमजोर व्यक्ति को ध्यान में रखता है। यही आध्यात्मिक चेतना प्रशासन को मानवीय बनाती है, जहाँ फाइलों के पीछे चेहरे दिखते हैं।

साथियों बात हम मनमुख, गुरमुख और सनमुख स्वभाव को समझने की करें तो, मनमुख स्वभाव का तात्पर्य है ऐसा व्यक्ति जो केवल अपने मन, इच्छा, वासना, अहंकार और तात्कालिक लाभ के अनुसार निर्णय लेता है। वह न तो विवेक को महत्व देता है, न ही गुरु, समाज, शास्त्र या नैतिक मूल्यों को। आधुनिक वैश्विक संस्कृति में यह स्वभाव उपभोक्तावाद भोगवाद और अति-व्यक्तिवाद के रूप में व्यापक रूप से दिखाई देता है।राजनीति और शासन में मनमुख प्रवृत्ति के दुष्परिणाम व त्रासदी भयंकर प्रमाण में होती है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में जब शासक मनमुख स्वभाव से निर्णय लेते हैं, तो सत्ता अहंकार, भ्रष्टाचार और युद्ध को जन्म देती है। इतिहास में कई साम्राज्य केवल इसलिए गिरे क्योंकि उनके नेतृत्व ने जनकल्याण की बजाय व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को चुना। यह स्वभाव राष्ट्रों को भी अस्थिर कर देता है। गुरमुख स्वभाव का अर्थ है, गुरु, विवेक, ज्ञान और नैतिक मार्गदर्शन के अनुसार जीवन जीना।

यहाँ 'गुरु' केवल व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि सत्य, अनुभव, संविधान, नैतिकता और सामूहिक विवेक का प्रतीक है। गुरमुख व्यक्ति अपने मन को अनुशासित करता है, न कि उसका दास बनता है।

जब शासन गुरमुख स्वभाव से चलता है, तो नीति-निर्माण में पारदर्शिता, जवाबदेहीऔर न्याय प्राथमिकता बनते हैं। संविधान भी एक प्रकार का 'गुरु' है, जो सत्ता को मयार्दा में रखता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुशासन के सफल मॉडल इसी सिद्धांत पर आधारित हैं। सनमुख स्वभाव का अर्थ है, सत्य, सद्गुण, सेवा और सार्वभौमिक मानव मूल्यों की ओर उन्मुख होना। यह स्वभाव गुरमुख से भी आगे जाकर व्यक्ति को स्वार्थ से परमार्थ की यात्रा पर ले जाता है।

यहाँ व्यक्ति केवल अपने या अपने समाज के बारे में नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के बारे में सोचता है।आज जब जलवायु परिवर्तन, युद्ध, शरणार्थी संकट और असमानता जैसी वैश्विक समस्याएँ सामने हैं, तब सनमुख स्वभाव की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।

यह स्वभाव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' को व्यवहार में उतारता है।अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी संगठनों चिकित्सकों शिक्षकों और स्वयंसेवकों में यह स्वभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही स्वभाव विश्व को अधिक मानवीय बनाता है।सनमुख स्वभाव किसी एक धर्म या परंपरा तक सीमित नहीं है। यह एक सार्वभौमिक नैतिक चेतना है, जो आधुनिक विज्ञान, तकनीक और विकास के साथ भी सामंजस्य बिठा सकती है। यह व्यक्ति को भीतर से मजबूत और बाहर से उपयोगी बनाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सुशासन यानें बाहरी अनुशासन (कानून) आंतरिक अनुशासन यानें स्वभाव, मनमुख से सत्ता बिगड़ती है, गुरमुख से व्यवस्था चलती है, और सनमुख से इतिहास बनता है। आओ, मनमुख स्वभाव छोड़ें। गुरमुख बनकर विवेक अपनाएँ।सनमुख बनकर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत संपन्न, रविंद्र कुमार तहसील अध्यक्ष धौलाना व प्रदीप चौधरी जिला सचिव मनोनीत

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गुरुवार को जिला कार्यालय कचहरी के सामने संपन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी ओमवीर सिंह ने तथा संचालन उदयवीर मुखिया ने किया। पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।पंचायत में सर्वसम्मति से रविंद्र कुमार को तहसील अध्यक्ष धौलाना तथा प्रदीप चौधरी सिंभावली को जिला सचिव मनोनीत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई। जिला अध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि जिले में जल्द ही सभी की सहमति से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से अनुशासन बनाए रखने और संगठन हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। साथ ही सभी से राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि किसान-मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी धरना-प्रदर्शन या आंदोलन से पूर्व जिला अध्यक्ष को सूचना अवश्य दी जाए। चौधरी धनवीर शास्त्री ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय चिंतन शिविर चार दिनों तक आयोजित होगा, जिसमें जनपद हापुड़ से भंडारे की व्यवस्था के साथ हजारों किसान हरिद्वार पहुंचेंगे। पंचायत में सैकड़ों किसान एवं मजदूर शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बबली सिंह, यशवीर सिंह, भगत राम, रिजवान तोमर, विनोद शर्मा, चौधरी वीरेंद्र सिंह, पंकज चौधरी, नवदीप सिंह, सब्बू चौधरी, सुदेश दीवान, अमित कुमार, नितिन चौहान, बाल किशोर त्यागी, राजकुमार त्यागी, नितेश त्यागी, ओम प्रकाश, आमिर चौधरी, रविंद्र कुमार, टेंपल सिंह, नौशाद अली, सुनील चौहान, सुभाष चौहान, रविंद्र चौहान, धीरू चौहान, अमित चौहान, जयंत सिंह, अवनीश कुमार, उदयवीर सिंह, तेजवीर सिंह, गिरीश कुमार, मांगे सिंह, सुरेश जाटव, रणवीर गुर्जर, जगत सिंह, टीटू त्यागी, कुलदीप त्यागी, नवीन त्यागी, रेनु चौहान, प्रदीप शर्मा, चीनू चौधरी, पी.के. वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सी.एल. शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव नियुक्त, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दिया पदभार, आमजन का हित कांग्रेस में: राकेश त्यागी

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने देवलोक कॉलोनी निवासी सी.एल. शर्मा को पार्टी ज्वाइन कराई और उन्हें जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा है कि आमजन का हित कांग्रेस में हैं।

कांग्रेस पार्टी ही लोगों की समस्याओं और उनके मुद्दों को धरातल पर बड़ी मजबूती के साथ उठा रही है और भाजपा सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि आज लोग भाजपा सरकार में महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार आमजन की बात को गंभीरता से न लेकर लगातार हर रोज उन्हें नई-नई परेशानियों में डालने का काम कर रही है।

नवनियुक्त जिला महासचिव सी .एल.शर्मा ने कहा है कि वह संगठन से जुड़कर पार्टी को मजबूत तो करेंगे ही, साथ ही लोगों को भी संगठन में जोड़कर पार्टी का प्रचार प्रसार पूरे दमखम के साथ करें। साथ ही उन्होंने जनपद हापुड़ के समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर झंडा और घरों के गेट के बाहर अपने नाम व पद की नेम प्लेट जरूर लगाए। साथ ही अपनी गाड़ियों और दो पहिया वाहनों पर कांग्रेस का झंडा व स्टीकर भी जरूर लगाए। इस दौरान जिला महासचिव गौरव गर्ग, प्रवीण शर्मा, जिला महासचिव संजय छाबड़ा और कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारतीय मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एसपी ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ भविष्य का संदेश देते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु और स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही आमजनमानस से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति के संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने में योगदान दें।

# आशुतोष शर्मा ने शुरू किया 'हर गांव-हर बूथ' अभियान, 400 बूथों तक पहुंचकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प

राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर(वेलकम इंडिया)।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं संभावित विधानसभा प्रत्याशी आशुतोष शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में 'हर गांव-हर बूथ' अभियान की शुरूआत करते हुए समाजवादी पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

इस अभियान के तहत वह विधानसभा के सभी 400 बूथों तक पहुंचकर कार्यकताओं और आम जनता से संपर्क स्थापित कर रहे हैं। आशुतोष शर्मा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में लगभग 400 बूथ हैं और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रत्येक बूथ को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया जा रहा है तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं।

इस दौरान 400 बूथों पर 100 से अधिक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 40 हजार से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया है। आशुतोष शर्मा ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश होगा तो वह गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे और क्षेत्र की जनता की सेवा को प्राथमिकता देंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण शामिल हैं, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में शिक्षा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, किसान सम्मान समारोह, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, नाविक एवं सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह तथा युवा संसद जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें लाखों लोगों ने भागीदारी की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बाबूगढ़ थाने में वृक्षारोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

राजेंद्र सिंह



**हापुड़ बाबूगढ़(वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना बाबूगढ़ परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

गौरतलब है कि थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के कार्यकाल में बाबूगढ़ थाने में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए थाने में शीतल पेयजल की व्यवस्था भी कराई गई है। थाने के मुख्य द्वार के बाहर राहगीरों की सुविधा के लिए मिटके रखवाए गए हैं, जिससे आने-जाने वाले लोग ठंडा पानी पीकर राहत महसूस कर सकें।

# समाजसेवी फैजान खान बन रहे हैं गरीबों, मजदूरों और किसानों की उम्मीद

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** तहसील पूरनपुर की ग्राम पंचायत गोरा में समाजसेवी फैजान खान अपने सेवा कार्यों और जनहित के प्रयासों के कारण क्षेत्र में एक अलग पहचान बना रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार फैजान खान हमेशा गरीब, मजदूर, किसान और जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

बताया जाता है कि गांव में किसी भी व्यक्ति के सामने कोई परेशानी आती है, तो फैजान खान बिना किसी भेदभाव के उसकी मदद के लिए आगे खड़े दिखाई देते हैं। चाहे किसी गरीब परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात हो, मजदूरों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना हो या किसानों की परेशानियों के समाधान के लिए आवाज उठानी हो, वे लगातार जनसेवा में सक्रिय रहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि फैजान डॅल्ल का उद्देश्य केवल लोगों की मदद करना नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना भी है। उनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से गांव के अनेक परिवारों को लाभ मिला है और लोगों का विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

समाजसेवी फैजान खान का मानना है कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। इसी सोच के साथ वे निरंतर जनकल्याण के कार्यों में जुटे हुए हैं और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत गोरा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी उनके सेवा कार्यों की सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे समाजसेवी व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो दूसरों की मुसीबत को अपनी मुसीबत समझकर निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।

# गरीबों की सेवा और जनहित के कार्यों का संदेश लेकर आगे बढ़ रहे युवा नेता चांद मियां

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** तहसील पूरनपुर की ग्राम पंचायत गोरा के युवा समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित उम्मीदवार चांद मियां को उनके पिता असलम खान ने समाज सेवा और जनकल्याण को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी है। असलम खान ने अपने पुत्र से कहा कि समाज के गरीब, मजदूर, असहाय और जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करना एक जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति बीमारी, आर्थिक तंगी या किसी अन्य परेशानी से जूझ रहा हो तो उसकी मदद के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। साथ ही किसी गरीब या कमजोर व्यक्ति की आवाज को दबने नहीं देना चाहिए और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करना चाहिए। चांद मियां ने अपने पिता की सीख को जीवन का मार्गदर्शन बताते हुए कहा कि वे जनता के सुख–दुख में हमेशा सहभागी रहेंगे तथा क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका उद्देश्य है और वे बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करेंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चांद मियां युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के प्रति उनकी सोच तथा जनहित के मुद्दों पर उनकी सक्रियता की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है। ग्राम पंचायत गोरा में जनसेवा, सामाजिक न्याय और गरीबों के हितों की रक्षा का संदेश देकर युवा नेता चांद मियां लोगों का विश्वास जीतने का प्रयास कर रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, लुकमान खान ने किया पौधारोपण

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनकल्याण सुरक्षा संघ के जिला संगठन मंत्री एवं ग्राम पंचायत गोरा निवासी लुकमान खान ने आज अपने हाथों से एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर लुकमान खान ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बना सकें।

लुकमान खान ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने भी उनके इस कार्य की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया।

# बीसलपुर में उर्स-ए-गाजी कमाल की धूम, शनिवार को होगा कुल शरीफ



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** तहसील बीसलपुर क्षेत्र में आयोजित उर्स-ए-गाजी कमाल बड़े ही शानो-शौकत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उर्स में दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंच रहे हैं और दरगाह पर हाजिरी देकर अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं। उर्स के दौरान दरगाह परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जगह-जगह रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए खानपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। उर्स में कव्वाली, फातिहा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार शनिवार को दोपहर 12 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इस अवसर पर विशेष दुआ का आयोजन होगा, जिसमें देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, अमन-चैन तथा आपसी भाईचारे के लिए प्रार्थना की जाएगी। उर्स में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र के लोगों में उर्स को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

# नगर निगम ने की पुराणों में वर्णित वृहद पंचवटी की स्थापना

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम की एक नयी पहल





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा रायवाला स्थित पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर उद्यान में आध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान और वास्तु के महत्व पर आधारित आंवला, पीपल, बरगद, सीता अशोक व बेल के पौधों का रोपण कर पुराणों में वर्णित वृहद पंचवटी की स्थापना की गयी। पौधारोपण महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के अधिकारियों, पार्षदों, एनसीसी कैडेट्स व शहर के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, कूडे-कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, एवं वृहद वृक्षारोपण आदि का संदेश भी दिया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। नगर निगम द्वारा आज पार्षदों के सहयोग से महानगर में सौ से भी अधिक स्थानों पर करीब पांच हजार पौधों का रोपण कराया गया। पीपल, बरगद, बेल, आंवला एवं अशोक जैसे पवित्र एवं महत्वपूर्ण वृक्षों का भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए पंचवटी वृक्षारोपण किया गया। वृहद पंचवटी की स्थापना में मध्य भाग में चार बेल के वृक्ष चारों दिशाओं में, चार वट वृक्षों का रोपण चारों कोनों में, इसके बाद 25 अशोक के वृक्ष गोलाकार रुप में, आंवले के दो वृक्ष दक्षिण दिशा में तथा पीपल के चार वृक्ष चारों दिशाओं में रोपित किये गए। उद्यान प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने महापौर को बताया कि पंचवटी न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्वच्छ वायु, छाया एवं पर्यावरण व पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पौधारोपण में 83 बटालियन एनसीसी, 26 बटालियन एनसीसी गर्ल्स, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद संजीव कर्णवाल, अनुज जैन, चौधरी वीरसेन सिद्धू, अहमद मलिक, मोहर सिंह, ज्योति अग्रवाल, नीरज शर्मा, इमरान सैफी, राजू सिंह व पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी के अलावा अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन व सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह सहित निगम के सभी अधिकारी, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जेकेएसएस ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, एसडीएम ने किया शुभारंभ



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत जनपद के विकासखंड पूरनपुर तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम जमुनिया खासपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के तत्वाधान में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमेश कुमार उपजिलाधिकारी कलीनगर अंकित कुमार वन दरोगा/सेक्शन अधिकारी कलीनगर सामाजिक वानिकी एवं संस्था के अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने पौध रोपित कर एवं जल देकर किया जेकेएसएस के पदाधिकारियों समाज सेवियों ने फलदार औषधि दार ऑक्सीजन दायक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया एवं उन्हें सिंचित कर जीवन दान देने का संकल्प लिया वृक्षारोपण करने वालों में मुख्य रूप से चंद्रप्रकाश वर्मा चंद्रप्रकाश वर्मा ग्राम प्रधान आसपुर सुंदरलाल वर्मा ग्राम प्रधान खासपुर एडवोकेट रामसनेही भास्कर पूर्व प्रधान दयालपुर श्याम सुंदर वर्मा फार्मासिस्ट विशाल गर्ग एलटी बृजेश सिंह जिला सचिव पूनम वर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष महिला मुकेश कुमार यादव न्याय पंचायत अध्यक्ष जमुनिया संजीव कुमार पासवान ग्राम अध्यक्ष खासपुर ममता राजभर ग्राम कार्यकारी अध्यक्ष महिला बूंदीभूड़ चौहद नंबर कार्यालय व्यवस्थापक पीलीभीत महेंद्र वर्मा पंकज यादव सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएस ने टिहरी गढ़वाल जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य सचिवआनन्द बर्द्धन ने टिहरी गढ़वाल जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन आज बौराड़ी क्षेत्र में स्थित राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्र ढुंगीधार, श्रीदेव सुमन पुस्तकालय एवं बौराड़ी स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूलभूत सुविधाओं का सतत अनुश्रवण कर आवश्यक सुधार समयबद्ध रूप से किए जाएं, श्रीदेव सुमन पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, अभिलेखों एवं पांडुलिपियों का समुचित संरक्षण करते हुए अध्ययन हेतु बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएं। उन्होंने बौराड़ी स्टेडियम एवं प्रस्तावित खेल सुविधाओं के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र ढुंगीधार में बच्चों की संख्या, उपलब्ध खेल सामग्री तथा बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे खाद्य एवं पोषण पदार्थों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित की तथा केन्द्र में बच्चों का वजन भी माप करवाया। उन्होंने एएनएम एवं आशा कार्यकर्त्रियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा बच्चों के घरों तक पहुंचकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करें।

इसके उपरांत मुख्य सचिव ने राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी पर



उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने श्रीदेव सुमन पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त पुस्तकालय को पुरानी टिहरी से विस्थापित कर वर्तमान स्थान पर स्थापित किया गया है। पुस्तकालय में राजशाही काल से लेकर आधुनिक विषयों तक की समृद्ध पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है, जिससे साहित्य प्रेमियों, शोधार्थियों एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है।

इसके पश्चात मुख्य सचिव ने बौराड़ी स्टेडियम तथा प्रस्तावित बैडमिंटन हॉल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव, स्थानीय विधायककिशोर उपाध्याय, नगर पालिका परिषद टिहरी अध्यक्षमोहन सिंह रावत, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डाइजर क्षेत्र में जैकरेण्डा के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी श्रीमती श्वेता चौबे, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, डीईओवी.पी. सिंह, डीपीओसंजय गौरव, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारीपंकज तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। टिहरी के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ जनपदीय कार्यों की समीक्षा बैठक की मुख्य सचिवआनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में जनपद टिहरी गढ़वाल के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ जनपदीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जनपद में चल रही सभी लोक निर्माण एवं अवसंरचना परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए तथा आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं अन्य सुविधाओं की मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाए। पेयजल, सीवर एवं जल निकासी जैसी मूलभूत सेवाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए पर्यटन क्षेत्रों में बढ़ती मांग के अनुरूप स्थायी समाधान विकसित किए जाएं। इसके साथ ही जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। डीएम श्रीमती नितिका खण्डेलवाल द्वारा जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनसंख्या सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने देवप्रयाग एवं कीर्तिनगर क्षेत्र में पेयजल पंपिंग योजना की आवश्यकता तथा मुख्य पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को भी रखा।

## शकील रुदौलवी किसी परिचय के मोहताज नहीं, अदब की दुनिया में कायम है विशिष्ट पहचान

फतेह खान



**शुजागंज/अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** आप पिछले तीन दशकों से अंजुमन-ए-तामीर-ए-अदब के मंच के माध्यम से उर्दू भाषा और साहित्य की बहुमूल्य सेवा अंजाम दे रहे हैं। अदब-नवाजी, शेर-फहमी और अहले-कलम की हौसला-अफजाई आपकी शख्सियत का एक प्रमुख गुण है। शायरी के मैदान में भी आपने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

अनेक अंतरराष्ट्रीय मुशायरों में कन्वीनर और शायर के रूप में सहभागिता कर देश के नामवर शायरों के बीच अपना कलाम पेश किया, भरपूर दाद व तहसीन प्राप्त की और अहले-जौक से विशेष सराहना हासिल की। आज अब्दुर्रहमान सिद्दीकी रदौलवी को शकील रुदौलवी ने अपना शेअरी मजमूआ 'सुलगती रेत' भेंटस्वरूप प्रदान किया।

निःसंदेह यह मूल्यवान साहित्यिक उपहार अहले-जौक के लिए तस्कीन का कारण और अध्ययन की एक महत्वपूर्ण निधि है। अब्दुर्रहमान सिद्दीकी भी अपनी सादगी, शालीनता और साहित्यिक रुचि के कारण एक सम्मानित स्थान रखते हैं। आशा है कि इस काव्य-संग्रह की वैचारिक और कलात्मक मिठास उनकी साहित्यिक एवं बौद्धिक प्यास को और अधिक तृप्त करेगी।अल्लाह तआला शकील रदौलवी को सलामत रखे, उन्हें स्वास्थ्य एवं कुशलता के साथ दीघार्यु प्रदान करे तथा उनकी साहित्यिक सेवाओं को और अधिक विस्तार एवं स्वीकार्यता प्रदान करे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु) परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने विभिन्न पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने बेल का पौधा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आम का पौधा तथा डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने शहतूत का पौधा लगाया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने छात्र-छात्राओं, प्रोफेसरों एवं विश्वविद्यालय स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को



अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि वेटनरी यूनिवर्सिटी परिसर में 384 फलदार पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में 6 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सभी को लेनी होगी।

## पत्रकार फतेह खानः निष्पक्ष पत्रकारिता की बुलंद आवाज

वेलकम इंडिया संवाददाता

**रुदौली अयोध्या।** पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं पत्रकार फतेह खान। जनपद अयोध्या में अपनी सक्रिय एवं जनहितकारी पत्रकारिता के लिए पहचाने जाने वाले फतेह खान हमेशा क्षेत्र की समस्याओं, सामाजिक मुद्दों और आम जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते रहे हैं।

उनकी पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समाचार प्रकाशित करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना और जनता की बात को प्रशासन तक पहुंचाना है। अपनी मेहनत, ईमानदारी और निष्पक्ष कार्यशैली के बल पर उन्होंने पत्रकारिता जगत में एक अलग पहचान बनाई है।

वेलकम इंडिया दैनिक समाचार पत्र से जुड़े पत्रकार फतेह खान लगातार क्षेत्र की छोटी-बड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित कर जनसेवा का कार्य कर रहे हैं।



उनकी कलम हमेशा सत्य, निष्पक्षता और जनहित के लिए समर्पित रही है पत्रकार फतेह खान का मानना है कि सच्ची पत्रकारिता वही है जो समाज के हित में कार्य करे और जनता की आवाज को मजबूती से उठाए। यही सोच उन्हें एक जिम्मेदार और लोकप्रिय पत्रकार बनाती है।

## थाना बरसाना में आधी रात हाई-वोल्टेज ड्रामा, मंत्री प्रतिनिधि और पुलिस आमने-सामने



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/बरसाना।** थाना बरसाना में शुक्रवार देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं और मामला राजनीतिक तथा प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि थाना बरसाना क्षेत्र के गांव कमई में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत एक तालाब में रात्रि के समय जेसीबी मशीन से खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान तालाब से मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सूरजपाल सहित दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना बरसाना ले आई। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में से एक कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी का करीबी बताया जा रहा है। आरोप है कि नरदेव चौधरी ने फोन पर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार से दोनों व्यक्तियों को छोड़ने का अनुरोध किया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई को नियमों के अनुरूप बताते हुए उन्हें छोड़ने से इनकार कर दिया। इसके बाद देर रात नरदेव चौधरी कथित रूप से 30 से 40 समर्थकों के साथ थाना बरसाना पहुंच गए। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों और नरदेव चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया और थाने में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। चर्चा यह भी है कि विवाद के दौरान हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों को थाने से छुड़ाकर ले जाया गया। हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं थाना प्रभारी अश्वनी कुमार का पक्ष सामने आना अभी बाकी है। मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चचाओं का दौर जारी है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह घटना कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई में हस्तक्षेप जैसे गंभीर सवाल खड़े कर सकती है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि और प्रशासनिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

## गिरिराज तलहटी गोवर्धन में हुआ भजन संध्या का आयोजन, राधे राधे के जयकारों से गूंजा कृष्णा पैलेस



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** अधिकमास मेले के अवसर पर गिरिराज तलहटी गोवर्धन में जगह जगह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु गिरिराज महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए गोवर्धन पहुंच रहे हैं और श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ परिक्रमा कर रहे हैं।वही जतीपुरा परिक्रमा मार्ग में स्थित कृष्णा पैलेस में राजस्थान से आए श्रद्धालुओं द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका सोनम गुर्जरी एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।इस दौरान आयोजकों एवं कृष्णा पैलेस प्रबंधन द्वारा कलाकारों और अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। भजन संध्या में राधे राधे के जयकारों तथा गिरिराज महाराज के भजनों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।कार्यक्रम में सुरेश आगीवाल माधव सिंह संजय सिंह, केशव देव नीरज कौशिक योगेश सिंह सचिन शर्मा वीरेंद्र सिंह सतन सिंह पुष्पेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आगरा में रिश्तों का कत्लः 70 हजार रुपये के लिए छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

## कमरे में बुलाकर किया हमला, छोटे भाई की करतूत से परिवार दहशत में

वेलकम इंडिया संवाददाता

**आगरा।** जिले के थाना शाहगंज क्षेत्र में 70 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। रामनगर निवासी ललित ने बताया कि उसके छोटे भाई रोहित ने उससे 70 हजार रुपये उधार लिए थे। बुधवार शाम करीब 8 बजे उसने रोहित से अपने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि रोहित ने कुछ देर बाद रुपये लौटाने की बात कही और घर से बाहर चला गया।



कुछ समय बाद वह नशे की हालत में घर वापस लौटा।

ललित के अनुसार रात करीब 9 बजे रोहित की पत्नी तन्नू ने उसे छत पर बने कमरे में बुलाया। जैसे ही वह कमरे में पहुंचा, वहां पहले से मौजूद रोहित ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि रोहित ने उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

घायल ललित ने बताया कि उसकी चीख-पुकार सुनकर पत्नी पायल उसे बचाने पहुंची, लेकिन उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि तन्नू ने पायल के साथ हाथापाई की और हमले के दौरान रोहित का साथ दिया।

घटना के बाद परिजनों ने ललित को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी मां कमलेश देवी ने थाना शाहगंज में तहरीर देकर आरोपी पुत्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी शाहगंज ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ललित ने आरोप लगाया कि रोहित पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है तथा उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। उसने यह भी दावा किया कि रोहित नशे का आदी है और लंबे समय से परिवार के सदस्यों को परेशान करता रहा है। आरोप है कि वह अपने माता-पिता को भी धमकियां देता है, जबकि उसकी पत्नी भी परिवार के साथ विवाद करती रहती है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है, जबकि घायल ललित का निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

## सरकार 'इकोलॉजी और इकोनॉमी' के संतुलित विकास तथा 'हरित उत्तराखण्ड' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है : धामी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भीमताल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने जनपद नैनीताल के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए 96 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और युवा साथियों को प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'इकोलॉजी और इकोनॉमी' के संतुलित विकास तथा 'हरित उत्तराखण्ड' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन, जल स्त्रोतों के संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देकर हम विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पति ने पत्नी और पत्नी ने पति की गोली मारकर की हत्या, वैवाहिक विवाद की आशंका

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के सूर्यनगर में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। किराये के मकान में रह रहे एक युवक ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। घटना में दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मिथुन (27) निवासी झांसी के रूप में हुई है, जबकि उसकी पत्नी पुख्खन बढ़ई (23) मध्य प्रदेश के दतिया की रहने वाली थी। दोनों ने करीब पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया



था। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि महिला पिछले 5-6 दिनों से सूर्यनगर स्थित किराये के मकान में रह रही थी। गुरुवार रात करीब 9 बजे मिथुन वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद उसने पत्नी पर गोली चला दी। इसके बाद उसने स्वयं को भी गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को गोली मारने के बाद स्वयं को भी गोली मार ली।

प्रथम दृष्टया वैवाहिक विवाद का मामला प्रतीत हो रहा है। फोरेंसिक जांच कराई जा रही है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# कथा को एकाग्र मन से सुनने वाला व्यक्ति आध्यात्मिक रूप से समृद्धः गोविंदानंद

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/बलदेव।** अधिक मास के चलते श्री दाऊजी कोल्ड स्टोरेज पर श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ क्षीरसागर स्थित हरदेव जी मंदिर से हुआ।महिलाएं 51 कलश लेकर निकलीं। कलश यात्रा का जगह जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा व आरती उतार कर किया। इस अवसर पर रमणरेती आश्रम महावन से आए गोविंदानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाने से पुण्य की प्राप्ति होती है,



लेकिन श्रद्धा और एकाग्रता के साथ कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को विशेष आध्यात्मिक लाभ मिलता है। श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा के माध्यम से व्यक्ति के मन में भगवान के प्रति समर्पण और सकारात्मक भाव उत्पन्न होते हैं।

इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता कपिलदेवाचार्य,परीक्षित यतेंद्र पांडेय,रंजना शर्मा, श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल के अध्यक्ष राकेश गोयल,अनीता गोयल,नारायण गोयल,तुषार गोयल,रोहित मोदी,विनोद गर्ग,विशाल अग्रवाल,सुदीप बंसल,संजीव गोयल,दिवाकर स्वरूप शर्मा,ललित शाहू,भूदेव सिंह,प्रेमवीर सिंह,पिंटू पांडेय,बलराम पाठक,जगदीश पाठक,सुनील गोयल,संजीव गोयल,बंटी गोयल,विकास अग्रवाल,सुनील गर्ग,राजा सेठ,अमित भारद्वाज,हरिओम अग्रवाल, करन अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ मोदी, सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा का वृक्षारोपण अभियान, कार्यकर्ताओं ने लगाया 'एक पेड़ माँ के नाम'

राजीव मोंगरा








**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा माननीय प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'विश्वास, विकास एवं जनकल्याण' अभियान श्रृंखला के अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा महानगर के सभी मंडलों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान 5 जून से 21 जून तक विभिन्न जनजागरण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर अजय कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष केवल प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन सेवा, सुशासन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान मातृ सम्मान के साथ-साथ प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। महापौर अजय कुमार सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनअभियान होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। भाजपा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में विभिन्न सामाजिक, जनकल्याणकारी एवं संगठनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वृक्षारोपण अभियान के संयोजक महानगर अमित गर्ग ,संदीप रावत , मंत्री राजेश जौहरी , विपिन शर्मा , राजकुमार कालरा , पूर्व पार्षद रमन चौधरी , महामंत्री सुपनीत सिंह , किशोर शर्मा ,ललित कटारिया , मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता , प्रदीप शर्मा , मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा , अजय वशिष्ठ , संदीप धीमान , मनुज तायल अमित शर्मा विजय चौहान , स्वराज सैनी सहित सभी महानगर के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि , वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता रहे ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम ने किया वृक्षारोपण, जनपदवासियों से अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस-05 जून के अवसर पर जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी ने वृक्षारोपड़ करते हुए जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित करने की अपील करते हुए कहा की पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाये और उसकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं स्वच्छ व समृद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु इस वर्ष की थीम एक पेड़ मां के नाम पर सभी वृक्षारोपण करें और अन्य लोगों को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु जागरूक करें तथा पर्यावरण के महत्व को भी बताएं।

# सहारनपुर को मिली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता की मेजबानी

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** खेल जगत से सहारनपुर के लिए एक बड़ी और गौरवशाली खबर है ।सहारनपुर को इस बार प्रदेश स्तरीय सब जूनियर (बालक/बालिका) बॉक्सिंग प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग मंडलो के बेहतरीन मुक्केबाज रिंग में अपना दमखम दिखाएंगे। सहारनपुर मे आयोजित होनी वाली इस प्रतियोगिता के लिए तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं।

क्रीडाधिकारी राहुल चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं उ0प्र0 बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 10 से 13 जून, 2026 तक एवं प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता 15 से 18 जून, 2026 तक सहारनपुर में आयोजित की जायेगी।

प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स 06 जून 2026 को प्रातः 11.00 बजे से एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स 08 जून 2026 को प्रातः 11.00 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर में कराये जायेगे। क्रीडाधिकारी राहुल चोपड़ा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी खिलाड़ी की जन्मतिथि 01 जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2013 के मध्य होनी चाहिए।

प्रतिभागी खिलाड़ी को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित अपने साथ नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र स्वयं और माता-पिता का आधार कार्ड तथा सी0एम0ओ0 द्वारा प्रदत्त आयु एवं चिकित्सीय प्रमाण-पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र भी साथ लाना अनिवार्य होगा।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु बालक / बालिका खिलाड़ियों की प्रविष्टि निःशुल्क हैं। चयन ट्रायल्स से जुड़ी किसी भी अन्य जानकारी के लिए खिलाड़ी सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

## विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का किया गया शुभारंभ



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय पटखौली के परिसर में वृक्षारोपण कर जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में 05 करोड़ वृक्षारोपण किए जाने के लक्ष्य के क्रम में जनपद में 03 लाख 79 हजार वृक्षों को रोपित किया जाना है। विधायक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए। पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध करें। इस अवसर पर प्रभागीय बनाधिकारी हरिकेश यादव व पार्टी पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## हिंदू युवा वाहिनी ने हर्षोल्लास से मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस, गौसेवा व वृक्षारोपण किया

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** आज उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, गोरक्षपीठाधीश्वर परम पूज्य योगी आदित्यनाथमहाराज के जन्मदिवस के पावन अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी, जिला सहारनपुर के तत्वावधान में काली माता मंदिर, नुमाइश कैंप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं पूजन से हुआ। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने पूज्य महाराजके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। पूजनोपरांत सभी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्रीका जन्मदिवस बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया। इसी अवसर पर गौसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए गौमाता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। साथ ही आज 'विश्व पर्यावरण दिवस' होने के कारण माननीय प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदीद्वारा प्रारंभ किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह राणाने कहा, 'पूज्य महाराजका संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म एवं जनसेवा को समर्पित है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हम सभी उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं।' कार्यक्रम में नगर निगम के नामित पार्षद एवं भाजयुमो महानगर महामंत्री राहुल झाम्ब, पार्षदनीरज कुमार जी, पार्षद प्रतिनिधि अक्षु छाबड़ा जी,मंडल प्रभारी मानवेंद्र सिंह चौहान,जिला प्रभारी अजय सिंह राणा,जिला अध्यक्ष नरेंद्र बालियान,जिला उपाध्यक्ष संदीप ग्रेवाल,जुगनू राणा,जतिन झाम्ब (ट्विंकल),कृष्ण कुमार (काली),विशाल खुराना,पंडित कुंदनसहित भारतीय जनता पार्टी एवं हिंदू युवा वाहिनी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। अंत में समस्त प्रदेशवासियों को पूज्य योगी आदित्यनाथमहाराज के जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध रहेंगी: डा.सुरेश चन्द्रा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां के परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के परिसर में जन औषधि केंद्र का अधीक्षक डा.सुरेश चन्द्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध रहेंगी। इससे आम लोगों को महंगी दवाओं से राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ बनेंगी। उन्होंने कहा कि औषधि केंद्र, 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' के तहत सरकार द्वारा संचालित फामेर्सी (दवा की दुकान) हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50% से 90% तक सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने का मकसद आमजन तक किफायती दरों पर दवाएं पहुंचाना है।

इस दौरान मो.कौसर खान, अफजाल अहमद, डा. अभय गुप्ता, संजीव त्रिपाठी,रेनू लोधी, राजकुमार,आशीष कुमार,नंदन जायसवाल,प्रतीक पांडेय,विक्रम राय, सेराजुद्दीन, अबुल कलाम आदि लोग मौजूद रहे।

# संतकबीरनगर पुलिस द्वारा झपटमारी के मामले से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे व प्रभारी एसओजी रजनीश राय के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 प्रभान्शु कुमार राय, का0 सत्यप्रकाश, का0 जयकिशन गोंड, का0 चन्द्रशेखर, का0 सचिन, का0 अमितेश सिंह, का० आशुतोष सिंह, का0 अपूर्व त्रिपाठी, प्रभारी एसओजी रजनीश राय मय टीम, सर्विलांस टीम संतकबीरनगर ने मु0अ0सं0 461/2026 धारा 304(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद से सम्बन्धित अभियुक्तगण प्रिंस चौधरी पुत्र गोपाल चौधरी निवासी कांटे थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर हा0 मु० डुहिलिया थाना को0 खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, विशेष अग्रहणी पुत्र वीरेन्द्र अग्रहणी निवासी गुदी थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती, अभिषेक राय पुत्र शत्रुधन राय निवासी धोरहरा गोचना थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को 01 अदद पीले धातु का मंगलसूत्र एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल के साथ बरईपुरवा के पास से गिरफ्तार किया गया ।

दिनाँक 02.06.2026 को वादी श्री सुनील कुमार मौर्य पुत्र स्व० रामरूप मौर्य मोहल्ला तितौवा थाना कोतवाली जनपद संतकबीर नगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलालाबाद पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी भाभी सरस्वती देवी पत्नी संजय मौर्य मेरी पत्नी की देख रेख के लिये स्पर्श हास्पिटल में थी, खाना खाने के बाद रात्रि 10 बजे दिनांक 27.5.2026 को हास्पिटल गेट पर टहल रही थी तभी मोटर साइकिल से तीन व्यक्ति आये और उसमें से एक व्यक्ति मोटर साइकिल से उतर कर मेरी भाभी सरस्वती देवी के गले से पहने हुये मंगलसूत्र को झपट्टा मारकर छीन के लेकर भाग गये । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 461/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताये कि हम लोग आपस में दोस्त है, अपना खर्च चलाने के लिए सुनसान स्थानो पर देख सुनकर करके चेन, मंगलसूत्र छीनैती करते है ।

जिसको बेचकर पैसे की बंटवारा करके खाते पीते है । दिनाँक 27.05.2026 को रात में इसी मोटर साईकिल से हम तीनो लोग स्पर्श हास्पिटल भुजैनी से एक महिला के गले से मंगलसुत्र छीन कर भाग गये थे, जो मंगलसुत्र हम लोग के पास बरामद हुआ है ।

उसे बेचने के लिए ग्राहक के तलाश के लिए लेकर जा रहे थे कि आप लोग द्वारा पकड़ लिये गये । उन्होंने बताया कि अभियुक्त प्रिंस चौधरी के विरुद्ध स्थानीय थाना में मु0अ0सं0 1162/2025 धारा 112(2), 303(2), 317(2) थाना कोतवाली खलीलाबाद दर्ज था।

## आजाद समाज पार्टी का लगातार बढ़ रहा है कुनबा



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** आज दिल्ली रोड पर पैरामाउन्ट कॉलोनी मे स्थित आजाद समाज पार्टी काशीराम के मंडल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सचिन खुराना की उपस्थिति मे मुजफराबाद निवासी अंजेस नारंग ने अपने साथियों समेत पार्टी मे जिला उपाध्यक्ष पद ग्रहण किया गया।

इसकी जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सचिन खुराना ने बताया की अंजेश नारंग जिनकी आस्था हमारी पार्टी मे पहले से ही है। इसी वजह से आज उनको आजाद समाज पार्टी मे जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सोंपी गयी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन खुराना एंव युवा नेता ओर समाज सेवी एडवोकेट सिविल कुमार ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनको शुभकामनायें दी।


इस मौके पर युवा नेता ओर वार्ड नंबर 27 के दावेदार सिविल कुमार ने कहा की आजाद समाज पार्टी शुरूआत से ही नारी सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा ओर रोजगार के मुद्दों को उठाने वाली पार्टी रही है।

इस दौरान कार्यलय पर मौजूद सभी कार्यकर्त्ताओ का मुंह मिठा कराया गया कार्यक्रम मे देवबन्द विधानसभा उपाध्यक्ष राजसिंह कटारिया, युवा नेता आदि मोरा, सुमित बर्मन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल कुण्डी से गली-गली में पशुओं को मिल रहा पानी: बोहरा

## शहर भर में अब तक लगाई 220 जल कुण्डी, भीषण गर्मी में पशुओं को मिल रही राहत

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बाड़मेर राजस्थान।** थार के मरूस्थल में भीषण गर्मी के दौर को देखते हुए अबोल पशुओं की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से लगातार अलग-अलग स्थानों पर जल कुण्डी लगाई जा रही है।

जिस कड़ी में शुक्रवार को रेन बसेरा चिकित्सालय के पीछे शान्ति नगर व जिरावल्ला मन्दिर के आस-पास के क्षेत्र में संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में जल कुण्डियां लगाई गई। संस्थान से जुड़े मुकेश कोटड़िया ने बताया कि जन कल्याण संस्थान की ओर से जीवों के कल्याण को लेकर कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिस कड़ी में शुक्रवार को रेन बसेरा चिकित्सालय के पीछे शान्ति नगर व जिरावल्ला मन्दिर के आस-पास की गलियों में पशु जल सेवा में जल कुण्डियां लगाई गई और आमजन को जीवों की सेवा एवं कल्याण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं मोहल्लेवासियों ने जल कुण्डी अभियान की सहराना की।

संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी में मानव से अधिक पशु व पक्षी बेहाल है। ऐसे में पशु-पक्षियों की जल सेवा को लेकर संस्थान की ओर से निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिसमें बहुत ही अच्छा जन सहयोग मिल रहा है।

शहर में अब तक 220 जल कुण्डी लगाई जा चुकी है। अमन ने कहा कि शहर में हर घर के आगे जल कुण्डी लगने से पशुओं को काफी राहत मिलेगी। और उन जल कुण्डियों के माध्यम से शीतल जल मिल सकेगा।

मोहल्ले में जल कुण्डी स्थापना के दौरान संस्थान कार्यकर्ता मुकेश अमन, मुकेश कोटडिया, शिवानी डोसी, सुनिल आचार्य व मोहल्लेवासी सुमित गोस्वामी सहित माताएं-बहनें आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रिजवान मुनीर के नेतृत्व में हरियाली का महाअभियान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय यूथ अवॉर्डी रिजवान मुनीर के आह्वान पर जनपद के हजारों युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए वृहद वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। अभियान के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों पौधे लगाए गए तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर रिजवान मुनीर ने स्वयं पौधारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य नहीं करते, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन, छाया और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। अभियान में शामिल युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। पूरे जनपद में आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण अभियान को लोगों का व्यापक समर्थन मिला और हरियाली बढ़ाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

# कुराना टोल प्लाजा पर एक पेड़ मां के नाम लगाकर पौधा रोपण किया विजयपाल अड़ती

**हरेंद्र शर्मा**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद के में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज हापुड़ जिले में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न विभागों ने मिलकर एक ही दिन में कुल 1,95,000 पौधे रोपित किए। वन विभाग के द्वारा 7,000, ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा 1,23,000, पंचायती राज विभाग के द्वारा 8,000, कृषि विभाग के द्वारा 31,000, उद्यान विभाग के द्वारा 21,000 तथा नगर विकास विभाग के द्वारा 5,000 पौधे लगाए।

तीन मुख्य स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुराना




टोल प्लाजा-मुख्य कार्यक्रम में हापुड़ विधायक विजयपाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौधरी व अन्य हाफिजपुर एसआई लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने पाकड़ का पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की।

इस मौके पर कार्यक्रम में पर्यावरण गोष्ठी हुई, जिसमें प्रभागीय वनधिकारी, हापुड़ गौतम सिंह, प्रवेश कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी, हापुड़ तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं आसपास के ग्राम प्रधान तथा जनसमुदाय उपस्थित रहे।

बायोडायवर्सिटी पार्क, गढ़मुक्तेश्वर दूसरा मुख्य कार्यक्रम बायोडायवर्सिटी पार्क, गढ़मुक्तेश्वर में हुआ, जिसमें हरेंद्र तेवतिया विधायक गढ़मुक्तेश्वर ने हिस्सा लिया।

इसके अलावा बृजघाट पर जिला गंगा समिति हापुड़ के तत्वावधान में ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण, जनजागरूकता रैली, गंगा घाट सफाई अभियान, गंगा शपथ एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें करन सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, गढमुक्तेश्वर, भारत भूषण गर्ग, पर्यावरण विद् तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं आसपास के जनसमुदाय उपस्थित रहे।

कुलपुर ग्राम समाज तीसरे मुख्य कार्यक्रम में वन विभाग, हापुड़ के द्वारा एक साथ 7,000 पौधे रोपित किये गए तथा पर्यावरण गोष्ठी व जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि हरेंद्र तेवतिया विधायक गढ़मुकतेश्वर उपस्थिति रहें।इसके अलावा सभी विभागों ने अपने-अपने कार्यालय परिसरों एवं उपलब्ध भूमि पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण गोष्ठियों का आयोजन किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मनाया जन्मदिन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54वां जन्मदिवस के केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय विधायक देवेंद्र सिंह लोधी एडवोकेट ने कहा कि राज्य की प्रगति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्य उल्लेखनीय हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने और उनके चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक तथा उत्तर प्रदेश के विकास के शिल्पकार हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की



सराहना की। जन्मदिवस कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सभी उपस्थितजन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीघार्यु होने की कामना की तथा केक काटकर वितरित किया गया।

भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सीमा रस्तोगी, नीरज त्यागी सभासद, नामित सभासदगण वैभव रस्तोगी, सचिन ठाकुर, सुरेंद्र जैनवाल, भाजपा पदाधिकारीगण सुधीर अग्रवाल प्रधान, डॉ संजय श्रोत्रिय, राजेंद्र नागर, राजीव राजपूत, पूर्व सभासद बिजेंद्र कुमार बंटी, कपिल त्यागी, राकेश वर्मा, विकास गुप्ता सहित भाजपा कार्यकताओं मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा ने किया वृक्षारोपण



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** शुकवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अग्रसेन मंडल के अंतर्गत मोहन कुटी स्थित वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्षा डॉ अंतुल तेवतिया ने कहा प्रकृति संरक्षण केवल दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर बिल्लू पंडित शंभूसिंह राघव एवं पूर्व जिला महामंत्री संजय गुर्जर सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वगीर्या ऊषा शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जन सैलाब

## पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित गणमान्य लोग रहे मौजूद

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना/बुलंदशहर।** शुक्रवार को स्याना में आर्य समाज से जुड़ीं विजय हॉस्पीटल संरक्षक स्वगीर्या श्रीमती ऊषा शर्मा के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनसे जुड़े संस्मरण साझा कर उनके निधन को समाज की अपूर्णनीय क्षति बताया। एडवोकेट प्रदीप श्रोत्रिय के संचालन में हुई श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, यथार्थ ग्रुप आफ हॉस्पीटल्स निदेशक डॉ अजय त्यागी, डॉ नीना त्यागी, आर्य समाज अध्यक्षा श्रीमती सुदेश रस्तौगी, गुरुकुल के अध्यक्ष, आचार्य शिव कुमार शास्त्री, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष




सत्यप्रकाश शर्मा, बार एसोसिएशन से दुष्यंत शर्मा एडवोकेट, भाकियू नेता कपीश त्यागी, समाजसेवी युवा नेता दुष्यंत त्यागी, नितिन त्यागी पत्रकार, देवदत्त त्यागी, लोकेंद्र त्यागी, अवनीश त्यागी पत्रकार, राजेंद्र शर्मा पत्रकार, योगेंद्र शर्मा पत्रकार, चिकित्सक संघ से डॉ अजय श्रोत्रिय, डॉ वाई डी शर्मा, डॉ डी सी त्यागी, डॉ श्रीमती हेमा शर्मा, सुश्री ममता रानी (विजय हॉस्पीटल), डॉ मनोज शर्मा, समाजसेवी अशोक त्यागी राज फार्म, संजय त्यागी, गुरुद्वारा सिंह सभा अध्यक्ष सरदार तेजेंद्र सिंह निक्कू, व्यापारी सुरक्षा फोरम अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, प्रोमिस शर्मा आर्चिज गिफ्ट गैलरी, संजू राय, सौरभ राय, कांग्रेसी साजिद चौधरी सहित गणमान्य नागरिकों ने स्वगीर्या श्रीमती ऊषा शर्मा तथा उनके स्वर्गीय पति डॉ महेंद्र शर्मा से जुड़ी यादें साझा कीं तथा उनके निधन को उनके परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी क्षति बताते हुए उनके पुत्रगण अनिल कुमार शर्मा, डॉ कपिल शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ श्रीमती रेखा शर्मा तथा समस्त परिजनों के प्रति अपने संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि सभा के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वृक्ष लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल के लिए भी प्रेरित किया।इस अवसर पर अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को फलों का वितरण

**राजेंद्र सिंह**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश एवं नगर पालिका परिषद हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम चौक, सिकंदर गेट हापुड़ पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी, सोसायटी के चेयरमैन मोहम्मद दानिश कुरेशी, यातायात निरीक्षक नरेश कुमार तथा चीफ सेनेटरी फूड इंस्पेक्टर आबेश कुमार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोती कॉलोनी हापुड़ में मरीजों



को फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्यामेंद्र त्यागी, दानिश कुरेशी, शुभम राठौर सहित अन्य लोगों ने मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सोसायटी के चेयरमैन एवं नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद दानिश कुरेशी ने बताया कि संगठन एवं उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर मरीजों को फल वितरित किए गए तथा उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर श्यामेंद्र त्यागी, चेयरमैन दानिश कुरेशी, डीपीएम एसबीएम अमित निम्बेस्कर, यातायात निरीक्षक नरेश कुमार, सुमित मलिक, सफाई निरीक्षक विजयपाल सिंह, अजयशील, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शुभम राठौर, डॉ. तुषार मावी, मोहम्मद अहमद, गौरव कुमार, शमा, राशिद अली, मोहम्मद आरिफ त्यागी, रहीसुद्दीन सैफी, अरशद, सुदेश कुमार, गफ्फार सलमानी, सतीश आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सुनी लोगों जनसमस्याएं की समस्याएं



**हरेंद्र शर्मा**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड जनपद की जिलाधिकारी कविता मीना ने शुक्रवार को जनतादर्शन में आये जनसामान्य लोगों की शिकायतें सुनी और उनके त्वरित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।जनता दर्शन के दौरान उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत सुनकर संबंधित अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर, शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। भूमि सम्बन्धी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर समयबद्ध निस्तारण कराने का भी निर्देश दिया गया।यदि आपकी कोई शिकायत है तो जनता दर्शन (प्रातः 10बजे) में स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थनापत्र जमा करें।सर्वप्रथम सम्बन्धित अधिकारी को अवगत कराएं।

# जिले में होगा बॉक्सिंग चयन ट्रायल 06 जून को आयोजित

**हरेंद्र शर्मा**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जिला खेल कार्यालय,हापुड़ एवं हापुड़ जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जनपद स्तरीय बॉक्सिंग चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 06 जून 2026 को मूलचंद त्यागी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स,हापुड़ में किया जाएगा।हापुड़ जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अनुसार ट्रायल में वर्ष 2012 एवं 2013 में जन्मे बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा। प्रातः 06:00 बजे से 07:00 बजे तक ट्रायल वेट होगा। प्रातः 07:00 बजे से 08:00 बजे तक खिलाड़ियों का वजन (Weight MeÔsurement) किया जाएगा।प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक खिलाड़ियों के दस्तावेजों की



जांच की जाएगी। प्रातः 11:00 बजे से चयन मुकाबले प्रारंभ होंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

जला ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 08 जून 2026 को मेरठ में आयोजित मंडलीय बॉक्सिंग चयन ट्रायल में जनपद हापुड़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। हापुड़ जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने सभी पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों से समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी ने किया 'एक पेड़ माँ के नाम'कर किया पौधा रोपण




**हरेंद्र शर्मा**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ में दीपा भाटी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़ के कर कमलों द्वारा कार्यालय प्रांगण में Mission Life के तहत पर्यावरण सरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही (Climat Action) हेतु जागरूकता, जनभागीदारी एवं आउटरीच गतिविधियों के अन्तर्गत 'एक पेड माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत समस्त कार्यालय कार्मिकों, खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ पौधा रोपण किया जिसके अन्तर्गत विभाग के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को कार्यालयो, विद्यालयो एवं सार्वजनिक स्थलों पर उर्जा एवं जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान,पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव लाने एवं अपने परिवार,मित्रों व अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के

# धूमधाम से मनाया गया यूपी के मुखिया का जन्मदिन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**लखनऊ।** माल क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में भाजपा नेता शंभू पाण्डेय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर केक काटकर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का



जन्मदिन मनाया गया। आयोजन स्थल पर आतिशबाजी की गई और मुख्यमंत्री के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। भाजपा नेता शंभू पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है और कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है।

कार्यक्रम में माल क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में भाजपा नेता शंभू पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया।इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, आशुतोष चौरसिया,शुभम गुप्ता, मुकेश गुप्ता, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, विवेक रस्तोगी,धीरज यादव सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरा आयोजन धार्मिक आस्था और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।

# जिले की कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण के साथ प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आव्हान

**हरेंद्र शर्मा**

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिला ग्रामोद्योग विभाग के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कविता मीना और मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा के द्वारा वृक्षारोपण कराया गया।

इस अवसर पर ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंध करते हुए माटी के बर्तनों को बढ़ावा देने हेतु भी लोगों



को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट में उपस्थित आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए पर्यावरण बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रखता है इसलिए प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा अपने आंगन में अवश्य रोपित करें, जिससे आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिलता रहे।उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा माटी के बर्तनों का उपयोग करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम' गागलहेडी के बूथ तिवाया में अभियान चलाया गया



**राजीव चौधरी**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर विधानसभा सहारनपुर देहात के भाजपा मंडल गागलहेडी के बूथ तिवाया में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू,मंडल प्रभारी अमित चौधरी, मंडल अध्यक्ष बिजेन्द्र धीमान,महानगर मंत्री राजेश जौहरी,पूर्व महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण यादव व कार्यकताओं के साथ पौधारोपण किया।

व सभी कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मनाया आइए, हम सभी आदरणीय प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़े और पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मोदी इण्डस्ट्रीज में किया वृक्षारोपण



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मोदी इण्डस्ट्रीज लि० (शुगर एवं डिस्टलरी) मोदीनगर में वृक्षारोपण किया गया। जहाँ लगभग 250 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर शिशुपाल सिंह, सहायक आबकारी आयुक्त, मोदीनगर एवं सुशील कुमार, जिला गन्ना अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सहायक आबकारी आयुक्त, मोदीनगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाव करना है तो वृक्षों का रख-रखाव तथा वृक्षों को लगाने में प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए भारतवर्ष के किसान सबसे ज्यादा अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं जिसमें गन्ना मिलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर एन०पी०बंसल चीफ एक्जीक्यूटिव ने कहा कि मोदी इण्डस्ट्रीज लि० के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण की जिम्मेदारी है कि वह मोदी इण्डस्ट्रीज लि० के प्रॉगण में रोपित वृक्षों के रख-रखाव पर अपना पूर्ण ध्यान रखें। पर्यावरण को शुद्ध रखने में मोदी इण्डस्ट्रीज लि० को देश के विकास में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना। इस अवसर पर मोदी शुगर मिल के वाईस प्रेसीडेन्ट वी०पी०एस० मलिक, राजीव गुप्ता, श्री प्रवीण शर्मा, राहुल त्यागी, श्री सुरेश शर्मा, डी०डी०कौशिक, अनुपम खरे, शेखर शर्मा, नवल किशोर गुप्ता, अनिल गुप्ता, पंकज अवस्थी आदि ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण किया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदीनगर पर नगर पालिका परिषद मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव एवं भाजापा मंडल महामंत्री अमितेश जैन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का वृक्ष लगाकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विनोद वैशाली जाटव , अमित जैन एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ नवीन श्रीवास्तव ,डॉक्टर विकास काहरा ,डॉ रितु कुमार ,डॉक्टर ज्योति ,डॉक्टर भावना, डॉक्टर करण कसाना तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के द्वारा मिलकर वृक्षारोपण उत्सव मनाया। जिसमें आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदीनगर पर लगभग 50 छायादार वृक्ष रोपित किए गए। यह कार्यक्रम आज 'एक वृक्ष मां के नाम 'थीम पर चलाया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिय गया ।वृक्षारोपण का समस्त कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सचिन वैश्य के निर्देशन में किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एमआईटी में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्राचार्य डॉ. हिमांशु, डीन डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. संजय माथुर तथा एचआर सोनल अहलावत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. खान एवं प्राचार्य डॉ. हिमांशु ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. रघुवीर, योगेश कुमार खोखर, हिमानी मिश्रा, डॉ. पंकज शर्मा एवं अभिजीत चटर्जी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन शिवालिका ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम, एक पेड़ भविष्य के नाम' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गांधी ग्राउंड में किया वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांधी ग्राउंड, हापुड़ रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं चेयरमैन विनोद वैशाली ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन की सबसे अनमोल धरोहर हैं। स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नरेंद्र मोहन मिश्र (अधिशासी अधिकारी), वेद प्रकाश चौधरी, सूबे सिंह, प्रदीप शर्मा, सोनू कुमार, गुलाब सिंह, सोनू चौधरी, प्रीतम सैनी, आदित्य बॉबी, संजय चौधरी, नरेंद्र तोमर, अरुण खन्ना, नवीन जायसवाल, प्रवीण गुर्जर, राहुल राणा, मोनू धामा, अंकित चौधरी (राजस्व निरीक्षक), दिनेश कुमार, अमरीश एवं समस्त पालिका कर्मचारी गण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गौतमबुद्धनगर पुलिस का हरित संकल्प, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हजारों पौधों का रोपण







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स सहित जनपद के सभी थाना परिसरों में हजारों पौधे लगाए गए।

इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प भी लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त अजय कुमार, डीसीपी, एडीसीपी समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण अभियान के तहत कदम्ब, अमलतास, कचनार, अशोक, सहजन, मौलश्री, जामुन और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार पूरे जनपद में हजारों पौधों का रोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने में सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और प्रकृति के संरक्षण के लिए निरंतर चलने वाला प्रयास है।

इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। गौतमबुद्धनगर पुलिस का मानना है कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में सहायक है, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी कराता है।

## विधायक कार्यालय पर मुख्यमंत्री का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** बीजेपी विधायक डॉ मंजू शिवाच के कार्यालय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर लड्डू वितरित कर उनका जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं प्रदेश के विकास हेतु उनके सफल नेतृत्व की कामना की ।विश्व पर्यावरण दिवस पर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के संवर्धन एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# तीशा गोस्वामी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिवस भारतीय जनता पार्टी जिला गाजियाबाद की जिला मंत्री तीशा गोस्वामी के नेतृत्व में कैंप कार्यालय पर बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर महामंत्री देवेंद्र चौधरी, आईटी सहसंयोजक देवराज शर्मा, कार्यकर्ता गौतम चौधरी, रिंकू वर्मा, बिना चौधरी, गीता और काफी संख्या में कार्य करता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर केक काटकर शुभकामनाएं दी तथा उपस्थित सभी लोगों को लड्डू वितरण किए गए एवं ढोल नगाड़े भजन कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें सभी कार्यकताओं ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री को समर्पित पौधारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हजारों पौधों का वितरण किया गया। उपस्थित सभी लोगों को एक-एक पौधा बैठकर प्राकृतिक एवं मात्रा के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## निवाड़ी में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** नगर पंचायत निवाड़ी मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओ ने मिठाई बांटी और मुख्यमंत्री के दीघार्यु की कामना की ।इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला मंत्री संजय त्यागी एडवोकेट जितेंद्र त्यागी मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी सचिन प्रजापति जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी बूथ अध्यक्ष आशीष गोयल सेक्टर संयोजक मंगेश्वर निषाद ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी,पूर्व अध्यक्ष अनिल त्यागी, सेक्टर संयोजक रजनीश त्यागी,कंवरपाल चेयरमैन कॉपरेटिव सोसायटी संजीव त्यागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर भंडारे का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर अग्रसेन पार्क गेट, गोविंदपुरी में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित यह भंडारा सेवा एवं जनहित की भावना को समर्पित है। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर भव्य सिसोदिया ,सोनू ठाकुर ,अवि नेहरा ,नीरज शर्मा ,संदीप सांगवान, अंकुर सक्सेना, मोनू फूल,रीता ढोड़ी,वरदान चौधरी ,सोनू पाटेकर आदि मौजूद रहे।

## टीआरएम पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**अनिल वशिष्ठ**


**मोदीनगर(वेलकम इंडिया )।** तुलसी राम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर, पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ ली। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हें पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। गौरव माहेश्वरी व श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने छात्र छात्राओं को वृक्षारोपण करने हेतु जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों को बताया कि यह धरती हमारा घर है और पर्यावरण इसकी छत है अतः पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखना अत्यन्त आवश्यक है। सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का पर्यावरण दिवस मनाने में पूर्ण सहयोग रहा।

# विजयनगर के होटल में युवती का शव मिलने से सनसनी, आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवक हिरासत में

**कपिल चौहान**









**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित अंश होटल में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान रश्मि के रूप में हुई है। होटल कर्मचारियों द्वारा थाना विजयनगर पुलिस को सूचना दी गई थी कि होटल के एक कमरे में युवती ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

एसीपी उपासना पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी गई है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया गया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है।

## वाहन चोरों का 'गुप्त गैराज' पकड़ा गया: 17 चोरी की बाइक-स्कूटी बरामद, चार शातिर गिरफ्तार



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक चोरी की स्कूटी तथा उनकी निशानदेही पर 16 अन्य चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। कुल बरामद वाहनों की संख्या 17 है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर बजीराबाद रोड स्थित डीएलएफ कट के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान अजय कुमार गुप्ता, यश शर्मा, मोहम्मद शाहदाब उर्फ राजा उर्फ ताऊ और मोहित जाटव उर्फ धर्मपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी के वाहन छिपाने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने डीएलएफ कट के पास ग्रीन बेल्ट की झाड़ियों में छापेमारी कर 8 मोटरसाइकिल और 8 स्कूटी बरामद कीं। बरामद वाहनों को आरोपियों ने पुलिस की नजर से बचाने के लिए सुनसान स्थान पर छिपाकर रखा था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों के आपराधिक इतिहास के साथ-साथ वाहन चोरी के पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान बना जनआंदोलन, हरित गाजियाबाद के संकल्प को मिली नई मजबूती













कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में चलाए गए ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान ने जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर लिया। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने मिलकर हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने और पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के माध्यम से लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा हरित गाजियाबाद के संकल्प को नई मजबूती मिली। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सफल होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत जिलेभर में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों का समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी ने किया पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमएमएच बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, एसडीएम अरुण दीक्षित सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। सांसद अतुल गर्ग एवं विधायक डॉ. मंजू शिवाच के वीडियो संदेश भी कार्यक्रम में प्रसारित किए गए।

## पुलिस प्रशासन ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, रिजर्व पुलिस लाइंस में हुआ वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एक गंभीर चुनौती बन चुका है और इसके प्रभावों को कम करने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी माध्यम है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने माताजी के साथ लगाया पौधा

विश्व पर्यावरण दिवस पर ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के अंतर्गत साहिबाबाद क्षेत्र में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी माताजी के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि प्रकृति और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है।

मंत्री सुनील शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाएं और अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की सहभागिता से ही स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने शुरू किया विशेष वृक्षारोपण अभियान, 1.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा संजयनगर स्थित शिल्प उद्यान में विशेष वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जीडीए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान 1.50 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर लगभग एक हजार पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

# एक पेड़ माँ के नाम' अभियान बना प्रेरणा का स्रोत, रोज बेल स्कूल के बच्चों ने लगाया हरियाली का संकल्प





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विजयनगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए अपने-अपने घरों पर पौधारोपण किया। बच्चों ने पौधों के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा कर समाज को हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती धरमजीत कौर एवं समस्त स्टाफ ने भी विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस दौरान सभी ने यह शपथ ली कि जीवन के हर महत्वपूर्ण अवसर पर वृक्षारोपण कर पृथ्वी को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देंगे। विद्यालय परिवार ने कहा कि एक पेड़ केवल पौधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर जीवन का आधार है। बच्चों की इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

# यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2025: गाजियाबाद में 25 केंद्रों पर कड़ी निगरानी, नकल पर जीरो टॉलरेंस

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, निष्पक्ष एवं नकलविहीन आयोजन को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेरठ मंडल के जोनल ऑब्जर्वर आर.के. चतुर्वेदी ने की, जबकि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि 8, 9 और 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में प्रदेशभर से करीब 28.86 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। गाजियाबाद में लगभग 11 हजार अभ्यर्थियों के परीक्षा देने की संभावना है, जिसके लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी।

जोनल ऑब्जर्वर आर.के. चतुर्वेदी ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच समेत किसी भी प्रतिबंधित सामग्री को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय होगी।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि गाजियाबाद में पूर्व में भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं और इस बार भी परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने दायित्व निभाने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सूर्या हत्याकांड के बाद हाई अलर्ट: जुमे की नमाज पर सुरक्षा का अभेद्य पहरा, डीसीपी ने किया फ्लैग मार्च

कपिल चौहान




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** चर्चित सूर्या हत्याकांड के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों और पीएसी जवानों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाया गया।

पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अफवाहों और भड़काऊ पोस्टों पर नजर रखने के साथ-साथ ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी क्षेत्र की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की गई। जुमे की नमाज को लेकर कुछ संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने की संभावना के मद्देनजर प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरती। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते रहे।

इंदिरापुरम के एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन जोन धवल जायसवाल ने पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों से संवाद किया और शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि के बाद ही उसे साझा करने का आग्रह किया है। अधिकारियों के अनुसार जिले में स्थिति पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रण में है।

# लोनी हत्याकांड में पुलिस का बड़ा एक्शन, 50 हजार का इनामी आरोपी दबोचा

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** लोनी थाना पुलिस ने हत्या और अपहरण के चर्चित मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की मदद से वांछित आरोपी मोहित पुत्र मुकुट पंडित निवासी ग्राम गनौली को धर दबोचा। 30 मई 2026 को गनौली निवासी सुरेन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर जबरन वाहन में डालकर अपने साथ ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कीं और मुख्य आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। जांच के दौरान आरोपियों को संरक्षण देने और आपराधिक षड्यंत्र में शामिल लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अब तक इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शुक्रवार को पुलिस ने फरार चल रहे इनामी आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।